



# सीएम को विधानसभा की डायरी भेंट की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने झारखंड विधानसभा की डायरी, दूरभाष निर्देशिका और कैलेंडर 2024 भेंट की।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यालय में मनायी गयी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन में आज जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनायी गयी। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का आचरण निजी और सार्वजनिक जीवन में ऊंचे मानदंड स्थापित किये थे, इसलिए उन्हें जननायक का उपाधि प्राप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने ओबीसी के लिए देश में पहली बार ओबीसी का आरक्षण बिहार प्रदेश में उनके द्वारा की गयी पहल और संघर्ष को याद करते हुए उन्हें भारत रत्न दिये जाने की अपनी मांग को पूरा होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर पर प्रदेश अध्यक्ष के अलावा डॉ संतोष गुप्ता, महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार, विनय चंद्रवंशी, राम अवतार कश्यप, डॉ यूएस भगत, इंजीनियर प्रदीप, राजेश (डोरंडा) कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नितेश की संदेहात्मक मौत की हो निष्पक्ष जांच: धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री से उत्पाद विभाग कार्यालय में नितेश विश्वकर्मा की संदेहात्मक स्थिति में हुई मौत की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। श्री तिवारी ने कहा कि नितेश विश्वकर्मा की मौत प्रारंभ से ही संदेह के घेरे में है। मृतक के परिजनों द्वारा पहले दिन से इस मामले में बड़ी साजिश की आशंका जतायी जा रही है। कहा कि इस मामले में किसी बड़ी साजिश से कतई इनकार नहीं किया जा सकता है। मामले में विभाग द्वारा कुछ को केवल लाइन हाजिर कर देने भर से मामले की जांच पूरी नहीं हो सकती है। बल्कि पीड़ित परिवार को पूर्णतः न्याय मिलने और मामले की तह तक जाने के लिए इसकी गहन जांच पड़ताल अति आवश्यक है। किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच करायी जाये। पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के अलावा नौकरी मिलनी चाहिए।

### मोरहाबादी के संगम गार्डन में मिलन समारोह का आयोजन

# संकल्प के साथ एक बार मोदी सरकार लायें : बाबूलाल मरांडी

**समाजसेवी शंकर दुबे ने समर्थकों संग थामा भाजपा का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समाजसेवी शंकर दुबे ने समर्थकों के संग बुधवार को भाजपा का दामन थामा। मोरहाबादी के संगम गार्डन में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को माला पहना कर भाजपा में स्वागत किया।

मिलन समारोह में शंकर दुबे ने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और सामाजिक क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र समेत राजनीतिक क्षेत्र में भी पार्टी के लिए समर्पित रूप से कार्य करेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शंकर दुबे जैसे सामाजिक कार्य करनेवाले व्यक्ति के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मिशन 2024 हमको सबको मिलकर पूरा करना है और जीतना है। हम सभी संकल्प के साथ जायें, फिर एक बार मोदी सरकार को लायें। मिलन समारोह में अतिथि के रूप में चुन्नू मिश्र, सुरेंद्र महतो, रामकुमार पहन, रफिया नाज, नकुल तिर्की, कमलेश राम ने शिरकत की।

**ये हुए भाजपा में शामिल**

भाजपा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से अली उमर, विशाल कुमार राय, सतीश सोनी, संतोष कुमार उपाध्याय, शेखर, आकाश कुमार दुबे, विशाल रजक, निकिता सोनी, सुनील कुमार दुबे समेत अन्य शामिल हुए।

# बेटियों पर कल से गर्व करने का अवसर

- पहली हॉकी जूनियर वीमेंस चैंपियनशिप का होगा आगाज
- 14 टीमें लेंगी भाग, 31 जनवरी तक मचेगा धमाल
- इसमें 250 से अधिक प्लेयर्स अपना टैलेंट दिखायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की बेटियों पर 26 जनवरी से गर्व करने का अवसर होगा। कारण राजधानी रांची के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहली हॉकी सिमडेगा जूनियर महिला जिला चैंपियनशिप-2023 का आगाज होगा। इस प्रतियोगिता में 14 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 31 जनवरी तक खेल के मैदान में बेटियां धमाल मचायेंगी। इसकी पहल हॉकी सिमडेगा की ओर से की गयी है। हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में जिला की 14 महिला हॉकी टीम भाग लेंगी, जिसके जरिये 250 से अधिक प्लेयर्स अपना टैलेंट दिखायेंगे। इनमें आत्मनिर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा, डे बोर्डिंग हॉकी केंद्र बांसजोर, ग्रास रूट हॉकी केंद्र, डे बोर्डिंग लोंबई समेत 14 टीमें शिरकत कर रही हैं। प्रत्येक मैच में एक बेस्ट खिलाड़ी को प्रोत्साहन स्वरूप एक हॉकी स्टिक दी जायेगी। सभी खिलाड़ियों को खेल प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

# बालू का व्यापार भी मुश्किलों में, दोषी कौन?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वैध तरीके से बालू का धंधा करनेवाले व्यवसायियों को वैधता के साथ धंधा करना अब आसान नहीं है। क्योंकि अब इन्हें भी इन दिनों अच्छी-खासी परेशानियों और मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इनकी दुर्गति रांची जिला खनन विभाग कार्यालय में देखने को मिली। 15 दिनों से कार्यालय का चक्कर काट रहे ग्राम रुगड़ी प्रखंड ईचागढ़ जिला सरायकेला खरसावां निवासी विष्णु कुमार माझी ने बताया कि 09-01-2004 को हाइवा गाड़ी जेएच 05 सीके-5941, जेएसएमडीसी, सरकारी स्टाक यार्ड जारगोडीह इचागढ़ से 450 सेफ्टी बालू का माइनिंग चालान लेकर टाटा के लिए रवाना हुआ ही था कि सरायकेला के टीकर मोड़ भीम होटल के पास से रांची जिला पुलिस टास्क फोर्स ने शाम 5.20 बजे चालान में समय समाप्त का आरोप लगा कर शाम सात बजे जब्त दिखला दिया। साथ ही तमाड़ थाना में खड़ा कर दिया। थाना से भी आगे कार्रवाई के लिए रांची जिला खनन विभाग कार्यालय को भेज दिया गया, जबकि चालान में शाम 6.35 बजे तक का समय निर्धारित था। इस बात की रांची जिला खनन विभाग ने भी पुष्टि किये बैगर ही जांच के नाम पर खानापूर्ति कर सीधे पचास हजार रुपये का जुर्माना लगा कर वाहन को 15 दिनों बाद छोड़ दिया।

# विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कबड्डी और वुशु प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी और अंडर 17/19 बालक-बालिका वर्ग वुशु प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में विधायक सह सत्ताधारी दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान विधायक ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया।

उद्घाटन समारोह में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, भारतीय वुशु संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे, झारखंड कबड्डी संघ के महासचिव बिपिन सिंह समेत विभिन्न राज्यों से आये खेल पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**प्रतियोगिता में 858 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग :** 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी और अंडर 17/19 बालक/बालिका वर्ग वुशु प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 858 बच्चे भाग ले रहे हैं। अंडर 14 बालक वर्ग कबड्डी में 337 और अंडर 17/19 बालक-बालिका वर्ग वुशु प्रतियोगिता में 521 बच्चे भाग ले रहे हैं। अंडर 17 बालक वर्ग वुशु में 138 बच्चे और बालिका वर्ग में 104 बच्चियां भाग ले रही हैं। अंडर 19 बालक वर्ग वुशु में 159 बच्चे और अंडर 19 बालिका वर्ग में 120 बच्चियां भाग ले रही हैं।

# वंदना ने मां बनने की अपनी खुशी साझा की

**कहा, डॉ सर्बजया सिंह उनके लिए भगवान का दूसरा रूप हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मां बनना हर महिला की चाह होती है और वह मां की भूमिका में जिंदगी के खूबसूरत क्षणों को महसूस भी करना चाहती है। लेकिन कई बार परिस्थितियां ऐसी होती हैं, जिस वजह से मां बनना महिलाओं के लिए एक चुनौती हो जाती है। ऐसी ही एक महिला वंदना ने अपनी खुशी साझा करते हुए बताया कि मिराई फर्टिलिटी और आइवीएफ सेंटर और डॉ सर्बजया सिंह उनके लिए भगवान का दूसरा रूप हैं। उन्होंने कहा कि दो साल पहले मैं अपनी जिंदगी खोयी थी, जब हमने 16 साल के बेटे को खोया था। वहां मेरी जिंदगी खत्म थी, लेकिन कहते हैं कि भगवान सबकी जिंदगी में चमत्कार होता है। वह मुझे डॉ सर्बजया सिंह के रूप में मिला। डॉ साहिबा से मिली। उन्होंने मुझे देखा। मैं उन्हें देख कर रोने लगी। फिर डॉ साहिबा मुझे देखती रहीं। और कुछ देर बाद उन्होंने मुझे कहा कि वह मुझे मेरी खुशी वापिस लाकर देंगी। और फिर यहीं से मुझे मेरे जीने की वजह मिली। वह और उनकी टीम ने मुझे परिवार की तरह संभाला और मेरा सारा ट्रीटमेंट अपनी देखरेख में करती रही। मुझे कभी ऐसा लगा ही नहीं कि मैं हास्पिटल में इलाज करवा रही हूं। वहां सभी ने मुझे बहुत प्यार से देखरेख और उपचार किया। उनकी टीम की सहायता से मैंने जुड़वा बच्चे को जन्म दिया और आज मेरे दोनो बच्चे एक साल के हो गये हैं। मेरा जीवन अब बहुत अलग हो गया है। मेरे घर में मेरी सारी खुशिया वापिस आ गयी हैं और मैं सबका सारा क्रेडिट डॉ साहिबा और उनकी टीम को देती हूं। बता दें कि यह राज्य का पहला क्लीनिक है, जहां एडवांस पद्धति से निःसंतान दंपतियों का इलाज किया जाता है। बरियातू में डॉ सर्बजया सिंह द्वारा क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है।

# उत्साह और गौरव के साथ सेल दिवस 2024 मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेल रांची इकाइयों ने बुधवार को वार्षिक सेल दिवस उत्साह और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों और उनके परिजनों और पूर्व कर्मचारियों की भागीदारी जबरदस्त रही। आशीष चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (एसएसओ) अतिरिक्त प्रभार (एचआरडी); एसके वर्मा, कार्यपालक निदेशक (सीइटी); वेद प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) और संदीप कुमार कर, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआइएस) ने इस अवसर की शोभा बढ़ायी। कार्यक्रम की शुरूआत दीर्घ सेवा पुरस्कार वितरित से हुई जो एमटीआइ के 1 कर्मचारी और सीइटी के 1 कर्मचारी को वितरित किये गये, वे थे शबनम शादाब और प्रवीण कुमार गुप्ता। इसके बाद सेल कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों जिनमें श्वेता प्रवा बिसोयी, सुहानी दास, सुप्रतीक रॉय, सिंगधा सौम्या, दीप्तांशु सिंह नेगी और कनिष्क सकरवार को छात्रवृत्ति पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके बाद कार्यपालक निदेशकों द्वारा शांति की प्रतीक के रूप में सामूहिक रूप से गुब्बारों को उड़ाया गया। श्यामली कॉलोनी में 5 किलोमीटर की दौड़ 10 विभिन्न श्रेणियों के लिए आयोजित की गयी, जिसमें न केवल बच्चे बल्कि कर्मचारी, पति/पत्नी और पूर्व कर्मचारी शामिल थे। इनमें प्रथम स्थानों में विजय कुमार, प्रभा देवी, लक्ष्मण कुमार, दीत्या वर्मा, जे.कर्णिक रेड्डी, लिपिका सिंह, भोलानाथ प्रसाद, सीमा यादव, अबदेश प्रसाद और प्रजन्य माधव ने जीत हासिल की। कार्यक्रम का संचालन केके वर्मा, पूर्व कर्मचारी (आरडीसी आईएस) ने किया।

इस अवसर पर पारस एचइसी अस्पताल रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाहा, एमबीबीएस, डीएम कार्डियोलॉजी, जनरल फिजिशियन डॉ. रमेश राउत और उनकी टीम द्वारा कर्मचारियों और उनके परिवारों और पूर्व कर्मचारियों के लिए एक मुफ्त चिकित्सा शिविर और स्वास्थ्य वार्ता का भी आयोजन किया गया।

## नशीली दवा बेचने के आरोप में दुकान संचालक सहित दो गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची की बरियातू थाना पुलिस ने नशीली दवा की बिक्री करने के मामले में दवा दुकान के संचालक सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक मोबाइल फोन, कोरेक्स की छह बोतल सिरप, खाली कोरेक्स की 28 बोतल, एक बाइक, नाइट्रोजेपाम 78 पीस और 10 हजार 790 रुपये नकद बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्मद नइम खान और दवा दुकान के संचालक रवीश कुमार शामिल है। सूचना मिली थी कि संदिग्ध व्यक्ति बरियातू थाना क्षेत्र के बिजली चौक के पास मंदिर के पीछे छुप कर नशीली दवा का बिक्री कर रहा है। इसके बाद बरियातू थाना ने छापेमारी की। टीम ने नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर बूटी मोड़ स्थित पितांबरा पलैस स्थित तरुण मेडिको के संचालक रविश कुमार को नशीली दवा और कोरेक्स सीरप के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों की गिरफ्तारी करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस रिमांड पर अमन साहू गैंग का शूटर चंदन साहू

रांची (आजाद सिपाही)। कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारने के मामले में अरगोड़ा थाना से जुड़े मामले में शूटर चंदन साहू को दो दिन की पुलिस रिमांड में लिया गया है। अमन साहू गिरोह को रंगदारी नहीं देने के कारण शूटर चंदन साहू और वारिस अंसारी ने रंजीत गुप्ता को गोली मारी थी। वर्तमान में चंदन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। इसके अलावा हजारीबाग जिले के बड़कागांव में कोल माइनिंग कंपनी ऋत्विक के अधिकारी शरद बाबू की हत्या और उनके सरकारी अंगरक्षक को गोली मारने में चंदन साहू का नाम आया था।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीसीएल में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मशती मनायी गयी। इस अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (यो/परि.) बी साईराम, सीवीओ पंकज कुमार, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण और कर्मियों ने जननायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी ने स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर योगदान को याद किया। निदेशक गणों ने उनके जीवन से सीख लेने की बात करते हुए उनके बताये रास्ते के अनुकरण की बात कही। कार्यक्रम के आयोजन में कल्याण विभाग और अन्य सम्बंधित विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपीएमयू के डीएसडब्ल्यू से मुलाकात की

रांची (आजाद सिपाही)। एनएसयूआइ जिला उपाध्यक्ष आशीष रौशन के नेतृत्व में कांग्रेस छात्र संगठन के प्रचार प्रसार की जानकारी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बताया कि एनएसयूआइ अनुशासन पूर्वक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्र कैंपेनिंग करेगी। आशीष रौशन ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद विवि में अपनी संगठन विस्तार को लेकर प्रचार प्रसार अभियान शुरू कर दिया है और आने वाले समय में विवि में एनएसयूआइ छात्र संगठन पूर्ण रूप से संगठित होगा। एनएसयूआइ विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और सेकुलर छात्र संगठन है, यह एक ऐसा छात्र संगठन है जो छात्रों के हित के लिए सदैव तत्पर रहती है और छात्र छात्राओं की आवाज बनती है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, नैना लकड़ा, तालिब हुसैन, साहिल सिद्दीकी, कुमुद महतो, गौरव पांडे, हिमांशु, सूर्या सहित अन्य छात्र छात्राएं मौजूद थी।

### कुलपति ने एक्यूएआर रिपोर्ट नैक को किया सबमिट



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय में बुधवार को रांची विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने 2022-23 का आइक्यूएआर रिपोर्ट का प्रोफाइल बटन दबा कर आनलाइन नैक को सबमिट किया। इस अवसर पर आइक्यूएसी निदेशक डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव डॉ विनोद नरायण, वित्त पदाधिकारी, डॉ ज्योति प्रकाश, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा सीसीडीसी डॉ प्रकाश कुमार झा, डॉ जीएस झा, आइक्यूएसी सदस्य डॉ.स्मृति सिंह, डॉ शिप्रा, डॉ. सोनी तिवारी, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ नीरज, डॉ बिनोद, सुमन और फरहान उपस्थित रहे।

### मिर्जा चौकी थाना देश का सातवां बेहतर पुलिस स्टेशन डीजीपी ने थानेदार समेत अन्य को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सर्वोत्तम थानों के श्रेणीकरण में साहेबगंज जिला के मिर्जाचौकी थाना को देश में सातवां और झारखंड में प्रथम स्थान दिया गया। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने थाना प्रभारी प्रकाश रंजन को गृह मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही साहेबगंज के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, कार्मिक डीआइजी नौशाद आलम, साहेबगंज के पूर्व एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस निरीक्षक शशि भूषण चौधरी, सीसीटीएनएस में तैनात प्रभात कुमार सिंह को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस समारोह की अध्यक्षता डीजीपी अजय कुमार सिंह ने की। इसमें एडीजी अभियान डॉ संजय आनंद लाठकर, एडीजी प्रशिक्षण आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता, आइजी मुख्यालय मनोज कौशिक, आइजी प्रशिक्षण विजया लक्ष्मी, डीआइजी कार्मिक नौशाद आलम, सीआइडी एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मजदूर नेता संतोष कुमार सोनी को मातृशोक



रांची (आजाद सिपाही)। मजदूर नेता संतोष कुमार सोनी की 87 वर्षीय माता संपत्ति देवी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे पांच बेटा-बहु और पांच बेटी-दामाद सहित नाती-पोता से भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार स्वर्णरेखा मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि सबसे छोटे बेटे संजय कुमार सोनी ने दी। अंतिम यात्रा में मजदूर नेता सोनी का परिवार समेत कई अन्य लोग शामिल हुए।

### टेट से नियुक्त शिक्षकों ने प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप को नकारा, ट्विटर के जरिये जताया विरोध

रांची (आजाद सिपाही)। टेट से नियुक्त शिक्षकों ने प्रोन्नति नियमावली-2024 के प्रारूप का विरोध किया है। ट्विटर के जरिये सीएम को टैग करते हुए अपना विरोध दर्ज किया है। कहा है कि स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग ने शिक्षकों की प्रोन्नति नियमावली में वर्ष 2014 के पूर्व और बाद की बहाली के लिए अलग-अलग मानदंड तय किया है। लगभग 17000 से अधिक टेट से सीधी नियुक्त हुए शिक्षकों के अधिकार का हनन हो रहा है। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू, महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने दोहराया कि यदि सरकार प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रारूप में बदलाव नहीं करती है, तो 28 जनवरी को पूरे राज्य में प्रोन्नति नियमावली के ड्राफ्ट को चौक-चौराहे पर जलाया जायेगा। शिक्षकों में भारी असंतोष है। बताते चलें कि 1993 प्रोन्नति नियमावली में ग्रेड 7 में प्रोन्नति के लिए ग्रेड 4 में 5 वर्ष का कार्यानुभव की बात कही गयी है। नयी नियमावली के प्रारूप में टेट से सीधी नियुक्त शिक्षकों को 10 वर्ष का कार्यानुभव किया जाना गलत और विद्वेष पूर्ण है। ट्विटर अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश के मुख्य सलाहकार दिनेश कुमार शुक्ला, रविशकर शुक्ला सहित सभी जिला अध्यक्षों की ओर से सभी जिलों मे विशेष प्रशिक्षण दिया गया था।

# जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार: उपायुक्त

## खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 3238 और तोरपा में 3297 नये युवा मतदाता जुड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आसन्न लोकसभा आम चुनाव को लेकर खूंटी जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। लोग चाहें तो सीईओ झारखंड की वेबसाइट पर भी नव प्रकाशित मतदाता सूची को देख सकते हैं। ये बातें जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उपायुक्त ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान भी चलाये गये। फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने को लेकर ट्रंसाजेंडर, पीवीटीगीए, सेक्स वर्कर, 80 वर्ष से अधिकउम्र के मतदाता, दिव्यांग, गृह विहीन और आश्रय गृहों में रहने वाले सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत प्रतिशत निबंधन पर फोकस किया गया। डीसी ने बताया कि खूंटी जिले में दो विधानसभा क्षेत्र हैं 59 तोरपा(अजजा) और 60 खूंटी (अजजा)। तोरपा में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 252 है, जबकि खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297। इन दोनों विधानसभा क्षेत्र में जेंडर रेशियो क्रमशः 1034.6 और 1056.2 है।




उपायुक्त ने बताया कि जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में अच्छी वृद्धि हुई है। तोरपा (अजजा) में 3297 और खूंटी (अजजा) 3238 नये मतदाता जुड़े हैं।

### आज होगी पांच किमी की जागरूकता दौड़

उपायुक्त ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रातः सात बजे स्वीप कार्यक्रम के तहत पांच किलोमीटर की दौड़ का आयोजन समाहरणालय सभागार से किया जायेगा। इस मैराथन के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। साथ ही समाहरणालय सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे राष्टीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में नये युवा मतदाताओं को एपिक कार्ड का वितरण, एसएसआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले (बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, बीपीआरओ, बीडीओ) को प्रशस्ति पत्र का वितरण, एनवीडी 2024 के अवसर पर विद्यालयों में आहूत निर्वाचन संबंधी प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम इस अद्यतन मतदाता सूची में जरूर चेक कर लें। किसी कारण यदि कोई विसंगति हुई हो, तो इसे अविलंब अपने बीएलओ या अपने संबंधित निर्वाचन निबंधन कार्यालय को सूचित करें।

## खूंटी जिला में अब मतदाताओं की संख्या हो गयी दो लाख 23 हजार 658

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के तहत निष्पादित कार्यों को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केंद्रों की संख्या, निष्पादित प्रपत्र -6, प्रपत्र -7 और प्रपत्र -8 तथा मतदाताओं की संख्या आदि की जानकारी दी गयी। बैठक में उपायुक्त ने निष्पादित फॉर्म- 6, 7 एवं 8 का विवरण देते हुए कि आपलोगों के सहयोग से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के तहत अब तक काफी अच्छा कार्य हुआ है। बताया गया कि 59 तोरपा और 60 खूंटी विधानसभा क्षेत्र के तहत कुल मतदान केंद्रों की संख्या 297 है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम के अंतर्गत 7061 प्रपत्र -6, 4403 प्रपत्र-7 एवं 8737 प्रपत्र-8 का सृजन किया गया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 के अनुसार, 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में 3238 एवं 20 से 29 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या में 2186 की वृद्धि हुई है। बताया गया कि तोरपा सहित खूंटी विधान सभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या अब 223658 हो गयी है। उन्होंने मतदाता सूची में किस मतदाता का नाम छूट गया है, किसका नाम मतदाता सूची से हटाना और सुधार करना है, इसके लिए संबंधित बीएलओ से मिलकर उक्त कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि राजनीति पार्टी के प्रतिनिधि अपने-अपने बूथ एजेंटों के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दें। साथ ही बूथ एजेंट के माध्यम से मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रेरित करें। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 59- तोरपा सह अपर समाहर्ता श्री अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सामाजिक न्याय के मंत्र को स्थापित करना है: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सामाजिक न्याय के मंत्र को स्थापित करना है। आपके अनुभवों को मैंने अपने चारों तरफ शक्ति के रूप में स्थापित करने का काम किया है। मेरी चिंता राज्य के हित में बड़ी है। राजनीतिक और सामाजिक चेतना समय और स्थान के अनुसार बदलती रहती हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सोनाहातू प्रखंड स्थित सती घाट में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच की बैठक के दौरान कहीं। सुदेश महतो ने कहा कि गांव में कोई भी जमीन परती ना रहे, इसका संकल्प लेना होगा। अभिमान हमारा सबसे बड़ा शत्रु है। अभिमान का परित्याग करना होगा। चिंता यह होनी चाहिए कि आप क्या देके जा रहे हैं, जिससे लोग आपको याद रखेंगे? हम सबों को राम-राज की परिकल्पना को मिल कर चरितार्थ करना होगा।



### बुद्धिजीवी मंच : परिवारजनों को सम्मानित किया गया

सम्पूर्ण निष्ठा के साथ पार्टी के विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने एवं झारखंड को सुदृढ़ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले बुद्धिजीवी मंच के दिवंगत सदस्यों के परिजनों को किया गया सम्मानित। उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए मरणोपरांत उनके परिजनों को सुदेश महतो द्वारा प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।

### 100वीं जयंती पर याद किये गये कर्पूरी ठाकुर

सुदेश कुमार महतो ने सामाजिक नान्य के प्रणेता जननायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि कर्पूरी जी को भारत रत्न मिलना उनके द्वारा आजीवन समाज के गरीब एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण की दिशा में किये गये अभूतपूर्व कार्यों के साथ ही देश के सभी गरीबों, पिछड़ों-वंचितों का भी सम्मान है। वे संपूर्ण जीवन सदन के अंदर एवं बाहर बिहार के दीन-हीन एवं शोषित जनता के लिए आवाज बुलंद करते रहे, संघर्ष करते रहें।

मौके पर बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ डोमन सिंह मुंडा, पूर्व कुलपति डॉ यूसी मेहता, महासचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, पशुपतिनाथ महतो, जलेश्वर महतो, योगेंद्र नाथ महतो, वृंदावन महतो, सुशांत सिंह, गंगाधर महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सीएसआर योजना को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीएसआर योजना को लेकर एनके एरिया डकरा वीआईपी क्लब में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि, श्रमिक संगठनों एव रैयत विस्थापित मोर्चा के लोग शामिल हुए। सीएसआर योजना के तहत नये वित्तिय वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य,पेयजल में होने वाले कार्यो को लेकर चर्चा की गयी। उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि इस वित्तिय वर्ष में 125 करोड़ रुपये एनके एरिया क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में खर्च किया जाना है जिससे सभी प्रतिनिधि के सुझाव जरूरी है। इसके अलावा कौशल विकास के तहत ग्रामीण पुरूष एवं महिलाओं को आइटीआई, मशरूम, सेनेटरी पैड सहित अन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने पर भी चर्चा की गयी। इसके लिए सीएसआर अधिकारी निखिल अखोरी ने पंचायत के मुखिया से पहल करने का आग्रह किया गया।



वही सभी पंचायत के मुखिया के द्वारा अपने पंचायत में होने वाले कार्यो को लिखित आवेदन भी जमा किया गया। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि सीएसआर के तहत जो राशि खर्च होगी उसे शत प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में होना चाहिए ताकि उन सभी गांव में सुविधा उपलब्ध हो। वही प्रबंधन के द्वारा बताया गया है कि इन सभी प्रस्ताव को सीसीएल मुख्यालय भेजा जायेगा और वहां से जो भी प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन होगा। जिसके बाद चयन योजनाओं की जानकारी सभी प्रतिनिधियों को दिया जायेगा। धन्यवाद ज्ञापन एसओपी ज्योति कुमार ने किया। बैठक मे एसओसी सुजीत रंजन, सीएमओ डॉ टी एक्का, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, रैयत विस्थापित मोर्चा अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, दीपमाला कुमारी, तेजी किस्पोट्टा, संतोष कुमार महली, पारस उरांव, सेवा उरांव, शिवरत मुंडा, सुनील कुमार सिंह, प्रेम कुमार, शैलेश कुमारडीपी सिंह, मिथलेश सिंह, अमर भूषण सिंह, मलका मुंडा, सुनीता देवी, शांति देवी, ललिता देवी, रामलखन गंझू, दिनेश प्रसाद, सुनील कुमार अशोक राम, गणेश भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

# मनोरंजन महतो की हाथी की चपेट में आने से मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा के सोनाहातू प्रखंड के अंतर्गत हारिण पंचायत निवासी मनोरंजन महतो की बुधवार को हाथी के चपेट में आने से मृत्यु हो गयी। उनकी पत्नी और दो छोटे छोटे बच्चे का एकमात्र सहारा था।

ग्रामीणों के सुचना पर नरेंद्र मोदी विचार मंच (भारत) के युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनपति महतो पहुंचकर दुःख के घड़ी में सहयोग राशि पांच हजार रुपये दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर कहा कि मृतक के परिवार को सरकार की ओर से 15 लाख रुपया मुआवजा और एक आवास की मांग की। इस मौके पर मनीष महतो, कृष्णा महतो, रोनित महतो, शेखर महतो सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## 2.80 करोड़ की लागत से 48 विकास योजनाओं का शिलान्यास

# मेरे कार्यकाल में बुंडू दुल्हन की तरह सज रहा : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 10 में बन रहे प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना अंतर्गत लोगों को फ्लैट की चाबी सौंपी गयी और नगर पंचायत में 2 करोड़ 80 लाख से 48 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश उरांव थे कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि मेरे कार्यकाल में बुंडू दुल्हन की तरह सज रही है। अभी हाल में बुंडू देश में स्वच्छता के मामले में अव्वल रहा हमारी सरकार गरीबों और भूमिहीनों को आवास मुहैया करा रही है। आवास का चाबी प्रकार लाभुक गदगद हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यपालक पदाधिकारी शुभम पोद्दार, सहायक अभियंता, कन्यीय अभियंता, सिटी मैनेजर महफूजुर रहमान, मुकेश कुमार सिंह, विभा सिंह, विनीता कुमारी, संदीप शर्मा, दिनेश भगत, सिद्धार्थ बिद, राहुल लाहेरी, मनोहर लाल गुप्ता, भास्कर मुखर्जी दीपक कुमार, संदीप मांझी, प्रकाश भगत के अलावे भूतपूर्व पार्षद मौजूद थे।



# चोरी हुए चेक से पैसा निकालते दो युवक को पुलिस ने पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल कर्मी के घर से चोरी हुई बैंक के चेक से पैसा निकालते दो युवकों को बैंक मैनेजर की सूझबूझ के कारण पकड़ा गया। यह मामला बुधवार को केनरा बैंक की चुरी शाखा में हुआ। जानकारी के अनुसार केडीएच कॉलोनी में रहने वाले सीसीएल कर्मी महजाद अंसारी की आवास में जुलाई महीने मे बकरीद के दिन उनके बंद आवास में चोरी हुई थी। चोर घर में रखें जेवरात समेत कई कागजात और चेक बुक चुरा लिया था। चोरी हुए चेक बुक मे एक चेक साइन किया हुआ था । घर में हुए इस चोरी की घटना की सूचना खलारी पुलिस को भी दी गयी थी। चोरी की घटना के बाद महजाद अंसारी के खाते से 10 हजार करके दो बार चेक से ही बुढ़मू और ब्राम्बे शाखा से पैसे की निकासी हुई। जिसके बाद महजाद अंसारी के द्वारा इसकी सूचना स्थानीय शाखा प्रबंधक को दी गयी और बताया गया कि उनके घर में चोरी हुई चेक बुक में उनका साइन किया हुआ था। जिसके बाद चुरी शाखा प्रबंधक सुनील कुमार के द्वारा फर्जी तरीके से साइन कर पैसा निकालना वाले लोगों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया और चेक बुक को लॉक कर दिया गया। बुधवार को केडीएच कॉलोनी के दो युवक सुनील कुमार और चंदन कुमार चोरी हुए चेक बुक से पैसा निकालने बुढ़मू केनरा बैंक पहुंचे। बैंक मैनेजर के द्वारा पहले ही बता दिया गया था कि यदि इस चेक बुक नंबर का कोई भी पैसा निकालने पहुंचे तो उन्हें चुरी शाखा भेजा जाये। बुढ़मू में पैसा निकासी नहीं होने के बाद दोनों युवक चुरी केनरा बैंक पहुंचे और पैसा निकालने के लिए चेक दिया। जिसके बाद बैंक कर्मियों ने दोनों युवक को बैंक के अंदर ही लॉक कर दिया और इसकी सूचना खलारी पुलिस और महाजद अंसारी को दी। मौके पर पहुंची खलारी पुलिस ने बैंक के अंदर ही दोनों युवकों से काफी पूछताछ की और पड़कर थाने ले गयी। इधर महाराज अंसारी का कहना है कि उनके घर से करीब ढाई लाख के गहने और सामान की चोरी हुई थी। पुलिस को इस बिंदु पर भी जांच करनी चाहिए।



# खूंटी में 10 एकड़ और तैमारा में 6 एकड़ में अफीम की फसल को प्रशासन ने किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला प्रशासन, खूंटी द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए बुधवार को खूंटी प्रखंड के सांडासोम ग्राम में लगभग 10 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उपायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा जिले में हो रही अफीम की खेती को चिह्नित कर उसे नष्ट करने के अभियान को तीव्र करें।

ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पोस्ते की खेती से हानि के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया गया। अफीम व पोस्ते से होनेवाले नुकसान के साथ-साथ कानूनी उलझनों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिले में उपायुक्त, लोकेश मिश्रा के निर्देश पर छापामारी कर अवैध अफीम का विनष्टीकरण करने की गति में तेजी आई है एवं अफीम की खेती में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।



## अफीम की खेती को नष्ट किया



**तैमारा।** गुप्त सूचना के आधार पर आज दशम फॉल थाना अंतर्गत पांचा, डवडिह, हुसिरहातू गांव के वन भूमि में अवैध अफीम की खेती करीब 6 एकड़ में नष्ट किया गया है।

# कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि, भारत रत्न दिये जाने पर जतायी खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर बुधवार को ईचागढ़ प्रखंड के टीकर स्थित कर्पूरी चौक पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। टीकर के प्रमाणिक टोला स्थित कर्पूरी चौक पर स्थापित उनकी मूर्ति पर कृतज्ञ लोगों ने माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर लोगों ने उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रण लिया और उनके नीति-सिद्धांत को आत्मसाद करते हुए सामाजिक विकास में योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर वक्ताओं ने दिवंगत कर्पूरी ठाकुर से जुड़े प्रारणादायक बातों को लोगों के समक्ष रखा और उन्हें अपनाने की अपील की।

पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर की जयंती के पूर्व संध्या पर भारत सरकार की ओर से उन्हें मरणोंपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा किए जाने पर खुशी जताई गयी। इसके लिए लोगों ने केंद्र सरकार की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि दिवंगत कर्पूरी ठाकुर इस सम्मान के वास्तविक हकदार थे। उन्हें भारत रत्न देने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस अवसर पर खगेंद्र नाथ नापित, श्यामापद नापित, गुरुदयाल शर्मा, मनोरंजन ठाकुर, कार्तिक नापित, लालु प्रमाणिक, अनिल प्रमाणिक, बलराम प्रमाणिक, भुवनेश्वर, तपन, शीबू, तरणी, लक्खीबाबू, राजकुमार, शशि, खुदीराम, तारापद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।






### जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनायी गयी

**बुंडू।** नायी समाज विकास समिति की ओर से सरोजिनी इंस्टिट्यूट परिसर में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती मनायी गयी। साथ ही केंद्र सरकार के द्वारा मरणोपरांत भारत रत्न देने से नायी समाज में हर्ष का माहौल छाया हुआ।

इस अवसर पर नाई समाज के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रमाणिक, केंद्रीय सदस्य जीतमोहन ठाकुर, कमलाकांत प्रमाणिक, गणेश प्रमाणिक, उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, हिमांशु प्रमाणिक, नरोत्तम प्रमाणिक, सुमित प्रमाणिक, अजय ठाकुर, राजू प्रमाणिक, अतिथि दिनेश आनंद, नंदकिशोर धणपति, सदानंद आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## अब्दुल्ला अंसारी ने चार परिवार को दी खाद्य सामग्री



**खलारी।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के चार परिवार को खाद्य सामग्री दिया। खलारी के डुंडू निवासी स्वर्गीय पुलमतिया देवी, दासो देवी, मनातू निवासी कुशा महतो तथा महाबीर नगर निवासी स्वर्गीय महंगू लोहरा का एक सप्ताह पूर्व मौत हो गया था। चारो परिवारों को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने श्राद्ध के लिए खाद्य सामग्री अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा भेजवाया।

## नामकुम थाना परिसर में मंदिर निर्माण कार्य के लिए किया गया भूमि-पूजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना परिसर में बुधवार को मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर पुजारी मुकेश भास्कर द्वारा विधि-विधान के साथ समाजसेवी सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह व एएसआई देवेंन्द्र सिंह द्वारा पूजा कराई गयी। इस अवसर पर थाना प्रभारी इस्पेक्टर सुनील तिवारी व आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव ने मंदिर की आधारशिला रखी। प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि पूर्व से ही उक्त स्थान पर निर्माण के लिये चिन्हित किया गया था। जिसे आज शुभ मूहर्त को देखते हुए भूमि पूजन कराया गया। उक्त स्थान पर श्री हनुमान मंदिर का निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव उपस्थित थे। इसके अलावा जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा, पार्षद कुलभूषण डुगडुंग, मुखिया अनिता तिर्की, कांग्रेस रांची जिला उपाध्यक्ष रमेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, मुन्ना बड़ाईक, समीर राय, प्रभाष झा, संब इंस्पेक्टर रवि केशरी, धीरज कुमार, बेबी झा, एएसआई पिन्टू पासवान, ललन सिंह, सीएल उरांव, थाना के सभी पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एमकेआइ में आयोजित फ्रेशर पार्टी में छात्रों ने मचाया धमाल




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के एमकेआई के बीएससी सत्र 2023 -2027 और जीएनएम सत्र 2023-2026 बैच के छात्रों के लिये फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति की उपस्थिति के साथ-साथ विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सीनियर छात्रों द्वारा नये छात्रों का स्वागत किया गया। जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं ने धमाल मचाया। मौके पर चेयरमैन रामजी यादव ने छात्रों के सुखद व उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, कुलपति प्रोफेसर डॉ नरेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में नवप्रवेशित छात्रों को ईमानदारी का महत्व समझाते हुए कहा कि कुछ लोग सफलता के सपने देखते है। जबकि कुछ लोग जागकर उन्हें सच करने के लिये मेहनत करते हैं। हर सफलता की बुनियाद कर्म पर ही टिकी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से नये छात्र-छात्राओं का आत्मविश्वाश बढता है। साथ ही उन्होंने नये छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

## गैरमजरुआ जमीन पर साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के चतरा पंचायत में गैरमजरूआ जमीन खाता नं 0- 226 प्लोट सं 1632 रकबा 1.11 एकड़ जमीन पर भुमाफियाओं द्वारा अवैध बिक्री करने का साजिश रचा जा रहा था। जिसका बुधवार को चतरा पंचायत के ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया। सर्वसम्मति से उक्त प्लोट पर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अंचल अधिकारी अनगड़ा एवं प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे भुमाफियाओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। जो सरकारी जमीन पर नजर गड़ाए बैठे है।

## सड़क दुर्घटना में हाइकोर्ट के अधिवक्ता की मौत

**इटकी (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर कुर्गी गांव के निकट बुधवार को सड़क दुर्घटना में प्रभुनाथ प्रसाद (63) नामक वृद्ध की मौत हो गयी है। घटना सुबह 11 बजे हुई। मृतक प्रभु नाथ पेसे से रांची हाईकोर्ट में अधिवक्ता थे। वह रांची के एदलहातु के रहने वाले थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों की मदद से अधिवक्ता प्रभुनाथ को देव कमल बाजरा अस्पताल पहुंचाचा गया। जहां इलाज के दौरान घायल अधिवक्ता ने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि प्रभुनाथ प्रसाद अपने ओमनी कार में सवार होकर रांची से बेड़ो की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक माल वाहक ऑटो से आमने-सामने की भिंड़त हो गई जिससे ओमनी में सवार प्रभुनाथ प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त कार और आटो को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गयी।

## लापुंग में झंडोतोलन कार्यक्रम का समय निर्धारित

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झंडोतोलन का समय निर्धारण किया गया। प्रखण्ड कार्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक कर सभी विभाग के पदाधिकारी की सहमति में झंडोतोलन का समय निर्धारिन किया। प्रखण्ड सह अंचल में सुबह 9.30 बजे, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक 9.35 बजे, थाना में 9.40 बजे,स्टेट बैंक व इंटर कालेज में 9.45बजे,राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में 9.50 बजे, स्वास्थ्य उप केंद्र 9.55 बजे, प्लस टू उच्च विद्यालय 10 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र 10.15 बजे, स्टेडियम में 10.30 बजे व सभी पंचायत में मुखिया झंडोतोलन करेंगे। उक्त समय निर्धारण की सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी को चिट्ठी भेजकर जानकारी दी गई।

## सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालहन में सुभाष चद्र बोस जयंती की जयंती पर आयोजित सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन प्रधानाध्यापक दशरथ महतो, सुरेश ऐलिस्टा, खेल शिक्षक लगनलाल महतो संतोष महतो, राकेश महतो क्षेत्र प्रमुख द्वारा किया गया। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी वालीबाल दौड़ स्लो साइकिल रेस ,ऊंची कूद, लंबी कूद और खो-खो आदि खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

### रांची जिला लोकहित अधिकार पार्टी ने मनाया जननायक कर्पूरी ठाकर की 100वीं जयंती

# शोषित, उपेक्षित और वंचितों के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुरः सुनील

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** रांची जिला लोकहित अधिकार पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई गई। महावीर नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के अलावा उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मो अजहर आलम और प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू भी उपस्थिति थे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि संपूर्ण बिहार में शोषित, उपेक्षित पिछड़ा समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए पहली बार जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने 12 फीसदी आरक्षण लागू किया था। वहीं, मो अजहर आलम ने कहा कि पहली बार 1952 में बिहार विधानसभा चुनाव में जननायक कर्पूरी ठाकुर ने चुनाव जीता था। उसके बाद से कभी नहीं हारे। प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक बार उप मुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहते हुए शोषित वंचितों के हक अधिकार के लिए लड़ते रहें। इतने बड़े संवैधानिक पदों पर रहते हुए अपने ईमान पर कभी दाग नहीं लगने दिया। आज के नेताओं को जननायक से शिक्षा लेने की जरूरत है। इस मौके पर मुकुल नायक, देवपूजन ठाकुर, जुलफाम अंसारी, संजय लोहरा, मोतीलाल नायक, इमरान खान, चंदन कुमार यादव, रेणु देवी, मो अजहर अंसारी आदि उपस्थित थे।



कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर माल्यार्पण करते सुनील साहू और अन्य।

# युवाओं को रोजगार देने के लिए केंद्र सरकार चला रही है कई योजनाएं : नवीन जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** ग्रामीण विकास विभाग के बैनर तले झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वावधान में बुधवार को रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन शिविर का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, बीडीओ दीपाली भगत, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो और समाजसेवी बजरंग महतो ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर रोजगार मेला का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से बेरोजगार युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार के लिए कई योजना चलाई जा रही है। जिसमें 18 से 35 वर्ष तक के लोग अपना नामांकन करा सकते हैं। वहीं, मेला का अध्यक्षता और धन्यवाद ज्ञापन जेएसएलपीएस के बीपीओ सुलक्षणा तिर्की और संचालन रायमुनी किस्पोट्टा ने किया। इस दौरान दर्जनों महिला समिति के सदस्य और युवा उपस्थित थे ।



रोजगार मेला को संबोधित करते विधायक नवीन जायसवाल।

# 2024 में जो जल, जंगल, जमीन की बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगाः अजय

**नामकुम आदिवासी सेना की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के कुटियातू पंचायत स्थित बच्चन काम्पलेक्स पिंडारकोम में बुधवार को आदिवासी सेना केंद्र समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप ने किया। उन्होंने कहा कि 2024 में जो जल, जंगल, जमीन की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा। इसी के साथ आगामी चार फरवरी को होने वाली आदिवासी एकता महारैली का समर्थन दिया गया। सेना के महासचिव एल्विन लकड़ा ने कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष हो गए। बावजूद इसके अब तक आदिवासियों को उनका संवैधानिक हक-अधिकार नहीं मिला है। पहले आदिवासीयत बचेगा तब आदिवासी का अधिकार और धर्म बचेगा। वहीं, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुमुदिनी ने कहा कि फरवरी महीने के प्रथम सप्ताह के बाद आदिवासी सेना गांव, समाज, रोजगार, आर्थिक समस्याओं पर आंदोलन करेगी। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप, महासचिव एल्विन लकड़ा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुमुदिनी, उपाध्यक्ष पंकज तिर्की, सचिव राजेश लिंडा, मनसा बड़ाइक, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, मुखिया हहाप पंचायत नन्हे कच्छप, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष किशन बड़कुआर, रोशन तिर्की, शीला कच्छप, गीता कच्छप आदि उपस्थित थे।



# अनियंत्रित स्कूल बस ने स्कूटी, बाइक व ठेले को रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के बाजार टांड़ के समीप बुधवार को इस्लामिक मदरसा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुम्बाटोली मोरो इटकी नामक स्कूल की बस मरम्मत कर बैक करने के दौरान अनियंत्रित होकर स्कूटी, बाइक, ठेले व दुकान के पोस्टर को रौंद दिया।

इस घटना में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ उस वक्त बस में बच्चे नहीं थे। वहीं, किसी को चोट भी नहीं आई है। अगल-बगल के दुकानदारों का कहना है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त बेड़ो बाजार टांड़ के आसपास कम भीड़ थी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता थी।



### कांके के सुकुरहुटू में ऐतिहासिक टुसू मेला का आयोजन

# मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है : अमित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** मकर संक्रांति के अवसर पर सुकुरहुटू पिपर टंगरा में ऐतिहासिक टुसू मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से टुसू व पीठा आकर्षक का केंद्र रहा। मेला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने कहा कि मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। इस सांस्कृतिक विरासत को संजो कर रखने की आवश्यकता है। इन्होंने सभी को मेला की बधाई दी और लोगों को नशा पान से दूर रहने और शिक्षा को बढ़ावा देने को कहा। टुसू प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार सुकुरहुटू गांव को, दूसरा गारू गांव व तीसरा सुकुरहुटू सरना टोली ने प्राप्त किया। पीठा प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार कल्पना कुमारी, दुसरा संगीता देवी व तीसरा स्थान कोमल कुमारी को प्राप्त हुआ। टुसू के अवसर भाषण प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार रानी कुमारी, दुसरा कोमल कुमारी को मिला। टुसू पर्व के अवसर पर लगे मेला में युवतियों और महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के झारखंडी चित्रकला, पकवान बनाकर लाया गया । ऐतिहासिक टुसू मेला में उद्घाटनकर्ता राजाराम महतो के अलावा विशिष्ट अतिथि राकेश किरण महतो, कमीशनर मुण्डा, अनिल महतो टाईगर, निलेश मिश्रा, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, राजकुमार महतो, रामकुमार, दीपक, कमलेश महतो, चन्दन बैठा, गोरी शंकर महतो, आयोजन कर्ता दिलेश्वर महतो,सलखू महतो, रामशरण महतो, संजीव कुमार महतो, ललित महतो, राजेन्द्र महतो, राजेश महतो, राहुल महतो,अजय महतो, विपिन महतो, रोहित महतो, सुनील महतो,राजेश महतो, अनिल मुण्डा, अशोक मुण्डा, अमित मुण्डा, लीलावती देवी, उर्मिला देवी, अजित महतो व चंचल रंजन आदि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में पदाधिकारीयों-सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।



मेला के उद्घाटन के मौके पर बोलते सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## साल्हन में तीन दिवसीय मां शक्ति पीठ मेला के सफल आयोजन को लेकर कमेटी का गठन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के साल्हन गांव में तीन दिवसीय द्वितीय मां शक्ति पीठ मेला 30 जनवरी से एक फरवरी तक आयोजित होगा। मेला में टुसू झांकी, बालक-बालिक फुटबॉल प्रतियोगिता, किसान प्रर्दशनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम आकर्षक का केंद्र होगा। मेला के सफल संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है। जिसके संरक्षक पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, एतवा भगत, डॉ रिझु नायक, अध्यक्ष रोहित करमाली, उपाध्यक्ष जिपस अनुराधा मुण्डा, प्रकाश नायक, शिबु मुण्डा, किशोर मुण्डा, संजय करमाली, रामपद चैधरी, पदुम चौधरी, अगमलाल महतो, सुलेंद्र उरांव, राजू प्रमाणिक, सिकंदर अंसारी, सचिव ज्योतिष चौधरी, सह सचिव तुलसी महतो, प्रकाश महतो, पवन प्रमाणिक, मोहन महतो, सुलेंद्र मुण्डा, कोषाध्यक्ष बिरजा मुण्डा, खेल प्रभारी दीपक मुण्डा, खेल अध्यक्ष राजू नायक, उपाध्यक्ष अजय करमाली, निकु मुण्डा, सरजेश महतो, रमेश महतो, सचिव मनक करमाली एवं कोषाध्यक्ष किशोर मुण्डा गुरू बनाए गये हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया।

## राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में विजेता छात्रा सम्मानित

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने एसजीएफआई की ओर से आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता झारखंड बालिका टीम की विजेता व एसपीभी हाई स्कूल ओरमांझी की छात्रा आरती कुमारी को 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, शॉल, बुके एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर नागरिक विकास परिषद रणधीर चौधरी, स्कूल सचिव व निर्देशक डॉ पारस नाथ महतो, शिक्षक प्रतिनिधि रामरतन महतो, जालेश्वर महतो आदि थे।

## मुशर्रफ हुसैन बने लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति एनएसयूआइ के संयोजक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा समन्वय समिति के अध्यक्ष सईद आमिर हाशमी के निर्देशानुसार कांग्रेस के युवा नेता पूर्व रामगढ़ जिला कोऑर्डिनेटर, पूर्व प्रदेश संयोजक छात्र जोड़ो अभियान प्रभारी लोहरदगा जिला प्रभारी मुशर्रफ हुसैन को लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र का संयोजक एवं रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सहसंयोजक नियुक्त किया गया। रांची लोकसभा के संयोजकों ने कहा कि छात्रों के बीच लोकसभा में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर उपरोक्त संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों के अनुसार समन्वय समिति के कार्य सूची के अनुरूप कार्यों का प्रारंभ करने को कहा गया। साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी के संदेश का व्यापक प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पार्टी राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के रांची में प्रस्तावित यात्रा को ध्यान में रखते हुए तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया गया। वहीं, मुशर्रफ हुसैन ने धन्यवाद देते हुए कहा कि इस जिम्मेवारी को पूर्ण रूप से निभाएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव एवं राजनीतिक चुनौतियों का डटकर सामना करने में छात्रों की अहम भूमिका होगी।

## खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : प्रकाश



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के कॉलेज मोड़ स्थित विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल के संचालक सह प्रधानाध्यापक प्रकाश महतो व शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से मशाल जलाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, पेयर रेस, स्लो साइकिल रेस जैसे इनडोर व आउटडोर खेलों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी क्षमता व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संचालक प्रकाश महतो ने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों में नेतृत्व की भावना विकसित करने के लिए खेल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। इसमें कक्षा नर्सरी से 10वीं तक के बच्चों को कम खर्च में बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। इस विद्यालय से पढ़ कर अनेकों छात्र-छात्राएं देश एवं समाज की सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। इस विद्यालय में पढ़ाई के साथ -साथ खेलकूद के साथ सामाजिक कार्यो पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। संचालन छविंद्र महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं में छविंद्र महतो, विमल टोप्पो, अनुराधा कुमारी, सुमन केरकेट्टा, नेहा कुजूर, किरण कुमारी, सुनीता तिर्की, रश्मि देवी, सुगंती खेस, पूनम लोहरा, कुमारी तन्नुप्रिया, अर्चना लकड़ा, सारिका कच्छप, सुषमा कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

## दिवंगत कॉ सुभाष मुंडा सहित अन्य हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने तक करेंगे आंदोलन : मदुवा




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** माकपा के राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा के शूटरों सहित अन्य हत्यारों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने ने माकपाईयों में आक्रोश है। बुधवार को माकपा लोकल कमेटी के तत्वाधान में शहीद सुभाष मुंडा चौक दलादिली पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के नगड़ी लोकल कमेटी के सचिव सह नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने किया। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एसआईटी के सुस्त पड़ जाने से अबतक सुभाष मुंडा के बाकि हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई। वहीं, क्षेत्र में हत्या व गरीबों की जमीन लूट जैसे अपराध जारी है। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों पर अविलंब कार्रवाई करे। अपराधियों को थाने में हाजरी लगवाएं। सभा को जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा, प्रकाश टोप्पो, बुधराम उरांव, कपिल महतो, कीर्ति सिंह मुंडा सहित लोगो ने संबोधित किया। मौके पर ललित मुंडा, छोटन देवी, भीखन देवी, जेहरुलाल मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, सीमा केरकेट्टा, रीता स्वांसी, बिरसा मुंडा, अमित मुंडा, महेश मुंडा, समीउल्लाह मंसूरी, सूरजदेव महली, अजय मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, बुधराम उरांव आदि उपस्थित थे।

